# राज्य वन अनुसन्धान संस्थान जबलपुर के वैज्ञानिक द्वारा अमरकंटक वन विद्यालय में प्रशिक्षु वनरक्षकों को वन्यप्राणी गणना पद्धति पर प्रशिक्षण
## दिनांक 22–23 अगस्त, 2025

---

संचालक वन विद्यालय अमरकंटक के आमंत्रण पर संचालक राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर श्री प्रदीप वासुदेवा के निर्देशन में वैज्ञानिक डॉ. अनिरुद्ध मजूमदार द्वारा वन्यप्राणी गणना पद्धति पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस कार्य में उनके साथ सहयोगी के रूप में शोधार्थी बलराम लोधी और जशनदीप ठाकुर भी उपस्थिति थे।

उक्त दो–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला दिनांक 22 अगस्त, 2025 और 23 अगस्त, 2025 को आयोजित की गई थी। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रशिक्षु वन रक्षकों को वन्यप्राणियों की गणना की विभिन्न विधियों के बारे में जानकारी देना था। इसमें शाकाहारी एवं मांसाहारी वन्यप्राणी गणना पद्धति, कैमरा ट्रैप का क्षेत्रीय प्रतिस्थापन, एम–स्ट्राइप्स इकोलॉजिकल ऐप पर प्रशिक्षण और फील्ड डेमोंस्ट्रेशन के साथ-साथ विभिन्न उपकरणों जैसे रेंज फाइंडर एवं कंपस के उपयोग की भी जानकारी प्रदान की गयी।

उक्त प्रशिक्षण कार्यशाला में वन विद्यालय अमरकंटक के सभी कोर्स इंस्ट्रक्टर भी उपस्थित थे।









